न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) फलौदी, जिला जोधपुर
पीठासीन अधिकारी, पुष्पा कंवर सिसोदिया आर.ए.एस.
राजस्व वाद संख्या 53 आर.टी.एक्ट
मुकदमा नम्बर :– 388/19

वादी
अनोपाराम पुत्र बीरबलराम
जाति विश्नोई निवासी आदर्श नगर फलौदी
तहसील फलौदी जिला जोधपुर (राज.)

बनाम

प्रतिवादीगण
01. बाधूदेवी पत्नि आम्बाराम जाति विश्नोई निवासी जालूवाला जिला जैसलमेर
02. मैनादेवी पुत्री महीराम जाति विश्नोई निवासी मगरा हाल आदर्श नगर फलौदी जिला जोधपुर
03. दुर्गादेवी पत्नि श्रीकिशन जाति ब्राहम्ण निवासी मगरा पुंजला अन्ना सागर गली न. 03 जोधपुर तहसील जोधपुर
04. श्रीमान् तहसीलदार, लोहावट

राजस्व वाद 53, राजस्थान काश्तकारी अधिनिमय

उपस्थिति :–
01. वादी अधिवक्ता श्री हीराराम विश्नोई व प्रेमप्रकाश विश्नोई।
02. प्रतिवादी अधिवक्ता राजेन्द्र विश्नोई ।

निर्णय दिनांक :– 28/08/2019

वादी ने एक वाद प्रस्तुत किया जिसका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि गांव लोहावट विश्नावास की सरहद की काश्त भूमि ख.न. 147 रकबा 8 बीघा 10 बिस्वा भूमि स्थित है जिसकी खातेदारी वादी एवं प्रतिवादीगण 1 ता 3 के नाम से संयुक्त खातेदारी में दर्ज है। वादी का उक्त ख.न. 147 रकबा 8 बीघा 10 बिस्वा में 7/24 हिस्सा यानी 2 बीघा 9 बिस्वा, प्रतिवादी सं. 01 बाधूदेवी का ख.न. 147 रकबा 8 बीघा 10 बिस्वा में 1/3 हिस्सा यानी 2 बीघा 17 बिस्वा, प्रतिवादी सं. 2 मैनोदेवी का ख.न 147 रकबा 8 बीघा 10 बिस्वा में 1/3 हिस्सा यानी 2 बिघा 17 बिस्वा तथा प्रतिवादी सं. 3 दुर्गादेवी का ख. न. 147 रकबा 8 बीघा 10 बिस्वा में 1/24 हिस्सा यानी 7 बिस्वा आता है जिस पर वादी एवं प्रतिवादीगण सं. 1 ता 3 को मौके पर अलग अलग अपने हक हिस्सा पर कब्जा कास्त है जिसका उपयोग व उपभोग लगातार आज दिन तक निर्बाध रूप से आज दिन करते आये है। वादी एवं प्रतिवादीगण सं. 1 ता 3 ने कास्त की सहुलियत के लिये उपरोक्त भूमि का मौके पर मौखिक बंटवाड़ा दिनांक 5/8/2014 को कर लिया था जिसके अनुसार वादी अनोपाराम के बंट में ख.न. 147 रकबा 8 बीघा 10 बिस्वा में अपना 7/24 यानी 2 बीघा 9 बिस्वा भूमि, प्रतिवादी सं. 1 बाधूदेवी के बंट में ख.न.

सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक दण्डनायक
(फास्ट ट्रैक) फलोदी

Scanned by CamScanner

क्र.स.	नाम खातेदार	ख.न.	रकबा	किस्म
01.	वादीगण 01 व प्रतिवादी सं. 01 व 02 अनोपाराम पुत्र बीरबलराम बाधूदेवी पत्नि आम्बाराम मैनादेवी पुत्री महीराम	147	8.03	बा–।।
02.	प्रतिवादीगण 03 दुर्गादेवी पत्नि श्रीकिशन जाति ब्राहम्ण निवासी मगरा पुंजला अन्ना सागर गली न. 03 जोधपुर तहसील जोधपुर	147	0.07	बा–।।

तहसीलदार लोहावट इसी अनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करें। विभाजन प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत नजरी नक्शा निर्णय का भाग रहेंगा। इसी माफिक अंतिम डिक्री पर्चा मूर्तिब हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक ...28/08/2019....को सरे इजलास में सुनाया गया।

पुष्पा कंवर सिसोदिया (आर.ए.एस)
सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक
मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक) फलौदी

Scanned by CamScanner